भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 4740
सोमवार, 23 मार्च, 2020/3 चैत्र 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

करनाल में नए पर्यटन केन्द्र खोलना

4740. श्री संजय भाटियाः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार संसदीय क्षेत्र करनाल में नया पर्यटन केन्द्र खोलने का है**;** और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख): देश में नए पर्यटक केंद्र खोलने के संबंध में पर्यटन मंत्रालय की कोई योजना नहीं है तथापि पर्यटन मंत्रालय**,** स्वदेश दर्शन तथा प्रशाद नामक अपनी योजनाओं के तहत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

मंत्रालय ने वर्ष 2016-17 में 97.35 करोड़ रु. की राशि से स्वदेश दर्शन योजना के कृष्ण परिपथ के अंतर्गत कुरूक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर, संहित सरोवर, नरकटारी, ज्योतिसर में पर्यटन अवसंरचना के विकास और वर्ष 2019-20 में 49.72 करोड़ रु. की राशि से प्रशाद योजना के तहत नाडा साहेब गुरुद्वारा तथा माता मनसादेवी मंदिर, पंचकुला के विकास की परियोजनाओं को स्वीकृति दी है ।

****